एक नजर में

आदिवासी बच्चों के लिए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

इंदौर . आदिवासी और वंचित वर्ग के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हवा बंगला क्षेत्र विदुर नगर में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया . यह विशेष शिविर सोसाइटी फॉर अवेयरनेस एंड ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ यूथफुल एस्पिरेशन एवं सारथी शिक्षा रोशन सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें रोटरी क्लब और लायंस क्लब) ने सहयोगी संस्थाओं के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया . इस शिविर में कुल 105 बच्चों ने स्वास्थ्य जाँच कराई। शिविर के दौरान बच्चों को नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया . इसके साथ ही उनकी लंबाई (ऊंचाई), वजन, ऑक्सीजन स्तर, आंखों और दांतों की बारीकी से जांच की गई और उनके कुपोषण के स्तर का भी आंकलन किया गया . शिविर के दौरान संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ संवाद किया और उन्हें स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया . साथ ही समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए, बच्चों को जीवन में कभी भी तंबाकू या उससे बने हानिकारक उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई . इस कार्य में मुख्य रूप से संस्थापक अध्यक्ष डॉ . सुरेश सहगल एवं श्रीमती सुमन ज्ञानी उपस्थित रहे . उन्होंने शिविर की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करवाया . शिविर की मेडिकल टीम ने बताया कि अधिकांश बच्चे कैल्शियम की कमी से जूझ रहे हैं और उन्हें पर्याप्त पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है . संस्था अध्यक्ष ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्धता जताई .

महासती डॉ . कुमुदलता का नगर में मंगल प्रवेश

इंदौर . संकल्पमय चातुर्मास 2026 के लिए अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ . कुमुदलता म .सा . आदि ठाणा-4 का रविवार को इंदौर नगर सीमा में मंगल प्रवेश हुआ . नगर सीमा पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महासती वृंद की अगवानी कर उन्हें मंगल बधाई दी . मंत्री श्री विजयवर्गीय ने महासती मंडल के साथ पैदल विहार किया . उन्होंने बताया कि 51 लाख पौधों का पूर्व में रोपण किया था . रेवती पहाड़ी जो आज हरी भरी दिखाई दे रही है वह बिल्कुल पत्थरों से भरी हुई थी . रेवती पहाड़ी पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महावीर भवन संघ के डीपीन जैन,प्रकाश भटेवरा, नरेश लोढ़ा, राजेन्द्र राठौड़, जिनेश्वर जैन आदि ने पौधारोपण किया . इस प्रसंग पर सभी ने महासती से पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का आशीर्वाद प्राप्त किया . महासती जी ने कहा कि वृक्ष ही जीवन हैं . एक वृक्ष लगाना बहुत पुण्यदायी है। हरी-भरी धरती ही स्वस्थ समाज की पहचान है . इस अवसर पर चातुर्मास समिति, महावीर भवन श्रावक संघ के हेमंत बोहरा, सौरभ नानू, संकेत जैन, अवनीश जैन, रेणु जैन, कांता भटेवरा, शोभा जैन, छाया बोहरा आदि अनेक पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे . विहार मार्ग में महासती सुशीला जी व श्रद्धा जी महाराज से मिलन हुआ . महासती श्री के नगर पदार्पण पर 13 जुलाई को प्रात: 7 .30 बजे बापट चौराहा से नक्षत्र होते हुए प्रेस्टीज कॉलेज आएंगी जहां महासती मण्डल का अभिनंदन समारोह होगा। उक्त जानकारी चातुर्मास प्रमुख डीपीन जैन ने दी .

इंडस्ट्रीज फाउंडेशन की बोर्ड बैठक में पुस्तक का विमोचन

इंदौर . पोलोग्राउंड उद्योग भवन में आज आयोजित हुई इंडस्ट्रीज फाउंडेशन की बोर्ड बैठक के दौरान एक विशेष कार्यक्रम में उद्योगपति एवं फाउंडेशन के पूर्व चेयरमेन अरविंद नांदेडकर द्वारा लिखित पुस्तक रिटायरमेंट के पूर्व और पश्चात सुखी और आनंदमय जीवन की योजना आध्यात्मिक आधार के साथ का विमोचन चेयरमेन सतीश भल्ला एवं बोर्ड सदस्यों के उपस्थिति में किया गया . अपने वक्तव्य में सचिव राजीव गुप्ता ने बताया कि पुस्तक के लेखक अरविंद नांदेडकर ने इस पुस्तक को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है जिसके पीछे की सोच और अवधारणा को बहुत की प्रेरक मार्गदर्शीका के रूप में प्रस्तुत किया है जो रिटायरमेंट के बाद एक आनंदमय और सक्रिय जीवन जीना चाहते है . उपस्थित बोर्ड सदस्यों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह पुस्तक न केवल हमारे कार्यक्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी, बल्कि आने वाली पीढी के लिए भी मार्गदर्शन का काम करेगी . लेखक अरविंद नांदेडकर ने बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से विषयों को प्रस्तुत किया है . अरविंद नांदेडकर ने बोर्ड के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया . इस अवसर पर विनय कालानी, प्रमोद सोमानी, अशोक जायसवाल, जेठानंद रामनानी, संजय मेहता, राजीव गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे .

खिलाड़ियों को बताया स्टैमिना का महत्व

इंदौर . बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया . युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए यह आयोजन डाबर ग्लुकोज़ ने कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया' के तहत किया गया . इस कैंपेन के तहत सत्र के दौरान एथलीट्स को बताया गया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने परफोर्मेन्स को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं . डाबर ने इस एकेडमी के टॉप एथलीट्स को सम्मानित भी किया . बास्केटबॉल ट्रस्ट के कारपोरेशन एरिया सेक्रेटरी लक्ष्मी कान्त पटेल बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, ने एनर्जी सैशन के दौरान युवा एथलीट्स को बताया गया कि खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है . प्रोफेसर,एस के . बंडी, चेयरमैन, बास्केटबाल काम्प्लेक्स ने कहा, युवा खिलाड़ियों के लिए सही पोषण, हाइड्रेशन और निरंतर ऊर्जा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना नियमित अभ्यास . सीएसआर हेड ब्यास आनंद ने कहा कि 'डाबर ग्लुकोज़ हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है . युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है .

स्वामी परमानंद गिरि के सानिध्य में ध्यान साधना शिविर

इंदौर . श्रीराम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के वरिष्ठ सदस्य, महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में ध्यान- साधना शिविर का 30 वां दिव्य आयोजन गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के सत्संग सभागृह में 10 से 16 अगस्त तक आयोजित होगा . शिविर का शुभारंभ 10 अगस्त को शाम 5 बजे युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य एवं आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि की मौजूदगी में होगा . अखंड परमधाम सेवा समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, महासचिव राजेश अग्रवाल एवं समन्वयक विजय शादीजा ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में 11 से 15 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक योगासन, 8 से 9 बजे तक ध्यान एवं प्रवचन तथा शाम 5 से 7 बजे तक प्रवचनों की अमृत वर्षा खंडवा रोड आश्रम के सभागृह में होगी। आश्रम से जुड़े श्यामलाल मक्कड़ एवं रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि स्वामी परमानंद गिरि के साथ हरिद्वार से आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि सहित अनेक संत एवं शिष्य भी आएंगे।

मौसम का जादू : पिकनिक स्पॉट सैलानियों से गुलजार

खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने पातालपानी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

महू. रविवार की छुट्टी और सुहावने मौसम के मेल ने महू इलाके के पर्यटन स्थलों पर रौनक ला दी. मानसून के इस खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की संख्या में सैलानी अपने परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे. क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों जाम गेट, पातालपानी, वांचू पॉइंट और जानापाव में सुबह से ही पैर रखने की जगह नहीं थी. वीकेंड पर न केवल स्थानीय लोग, बल्कि इंदौर, धार और देवास सहित आस-पास के कई जिलों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे. दोपहर होते-होते स्थिति यह हो गई कि सभी मुख्य पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ जमा हो गई.

पार्किंग फुल, रास्तों पर लगी गाड़ियों की कतारें- पर्यटकों की भारी आमद के कारण व्यवस्थाएं भी छोटी पड़ती दिखीं. कई प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पार्किंग पूरी तरह गाड़ियों से खचाखच भर गई. इसके चलते मुख्य रास्तों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को थोड़ी आवाजाही में परेशानी का सामना भी करना पड़ा.

हरियाली और झरनों के बीच खिंचवाई सेल्फी

यहां पहुंचे सैलानियों ने चारों ओर फैली हरियाली, खूबसूरत पहाड़ियों और बहते झरनों के बीच ठंडी हवा का जमकर आनंद लिया. युवाओं और बच्चों में फोटोग्राफी और सेल्फी लेने का जबरदस्त क्रेज देखा गया . बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी प्रकृति के इस सुंदर नजारे को देखकर बेहद उत्साहित नजर आए . पर्यटकों की इस भारी भीड़ ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार दी है . यहां के दुकानदारों, खान-पान के स्टॉल धारकों और छोटे व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे . उनकी अच्छी खासी बिक्री हुई .

दहेज नहीं लाने पर पत्नी को मायके छोड़ गया पति

इंदौर. दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति पत्नी को मायके छोड़कर फरार हो गया. जाने से पहले उसने पत्नी के साथ मारपीट की और उसके परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सिद्धि अपार्टमेंट, रामकमल रेसीडेंसी निवासी खुशबू बैरागी ने शिकायत में बताया कि पति परेश बैरागी, ससुर मोहनदास और सास कांताबाई शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे. पति अक्सर मायके से दहेज लाने का दबाव बनाते हुए कहता था कि मांग पूरी नहीं होने पर उसे ससुराल में नहीं रखा जाएगा.

चार नाबालिग समेत पांच लोग लापता

इंदौर. शहर और ग्रामीण क्षेत्र से चार नाबालिग लड़कियों समेत पांच लोगों के लापता होने के मामले सामने आए हैं. परिजनों की शिकायत पर संबंधित थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर से एक नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई. इसी थाना क्षेत्र में क्रेजी किड्स फूड प्राइवेट लिमिटेड चॉकलेट कंपनी परिसर में रहने वाले एक मजदूर की नाबालिग बेटी भी घर से लापता हो गई. वहीं, बेटमा के जीवन ज्योति कॉलोनी से 31 वर्षीय विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है. उधर मानपुर थाना क्षेत्र के नाहरखेड़ी गांव से 16 वर्षीय किशोरी और बेटमा की धर्मकुंज कॉलोनी से एक अन्य नाबालिग लड़की भी लापता हो गई.

इंदौर ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई : कई वाहन जब्त

▶ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चला विशेष अभियान

इंदौर. शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा रविवार को भंवरकुआं चौराहे पर विशेष जांच अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जब्त किया गया तथा नियमों के अनुसार चालानी कार्रवाई भी की गई.

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि बड़ी संख्या में वाहन चालक वन-वे मार्ग में गलत दिशा से वाहन चला रहे थे. इसके अलावा कई

लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े कर यातायात में बाधा उत्पन्न की थी. अभियान में बिना हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, एक मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठाकर यात्रा करने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई. भंवरकुआं चौराहा शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं. ऐसे में नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है. इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया.

नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

इस संबंध में ट्रैफिक एसआई जीएस चौहान ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है . उन्होंने कहा कि नियमों की लगातार अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी . उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेल्मेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वन-वे नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें तथा किसी भी दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर यात्रा न करें . यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है . ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके .

दो वेल्डरों से 2 .20 लाख की मेफेड्रोन ड्रग्स बरामद

इंदौर . शहर में एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने की कोशिश कर रहे दो युवकों को क्राइम ब्रांच ने कनाड़िया बायपास से गिरफ्तार किया है . दोनों के कब्जे से 22 .34 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 2 .20 लाख रुपए आंकी गई है . आरोपी वेल्डिंग का काम करते हैं और नशे के आदी लोगों तक ड्रग्स पहुंचाते थे .क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर कनाड़िया बायपास स्थित स्टोन अर्थ के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा . तलाशी में एमडी ड्रग्स मिलने पर पूछताछ की गई . आरोपियों की पहचान खजराना निवासी मोहम्मद हसन उम्र 26 साल और साहिल खान उम्र 43 साल के रूप में हुई . शुरुआती पूछताछ में सामने आया कि दोनों शहर में अधिक कीमत पर एमडी बेचने की फिराक में थे . पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों के पास ड्रग्स कहां से आई और इसके पीछे कौन सा सप्लाई नेटवर्क काम कर रहा है . मामले में आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश भी की जा रही है .

महंगे शौक ने बनाया मोबाइल स्नेचर, दिनदहाड़े झपटमारी करने वाले दो धराए

नव भारत न्यूज

इंदौर. राह चलते लोगों के हाथों से दिनदहाड़े मोबाइल झपटकर फरार होने वाले दो शातिर बदमाशों को कनाड़िया पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों ने शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल स्नैचिंग की कई वारदातें करना कबूल किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के पांच मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा स्कूटी बरामद की है. जब्त सामान की कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई गई है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि महंगे शौक पूरे करने के लिए वे मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम देते थे.

मंगलवार 7 जुलाई को छोटा राजबाड़ा निवासी शिवांगी सेन प्रतिमा के पास ऑटो का इंतजार कर रही थीं. इसी दौरान एक्टिवा पर सवार दो युवक आए और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए. शिकायत के आधार पर कनाड़िया थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मयूर नगर, मुसाखेड़ी में रहने वाले सन्नी सिंह टुटेजा उम्र 24 साल और अजय बानखेड़े उम्र 20 साल को हिरासत में लिया, पूछताछ में दोनों ने मोबाइल झपटमारी की वारदातें करना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने सन्नी के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा एमपी 09 डीएस 4507, जबकि अजय के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस अब दोनों से शहर में हुई अन्य मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

चोरी के पांच मोबाइल और एक एक्टिवा बरामद

डीसीपी जोन-2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि आरोपियों से चोरी के पांच मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा बरामद हुई है . पूछताछ में दोनों ने शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल झपटमारी की घटनाएं करना स्वीकार किया है . अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है .

सेवा भारती से प्रेरणा लेकर करते हैं समाज सेवा कार्य : भार्गव

इंदौर. सेवा भारती इंदौर द्वारा विवेकानंद परिसर, दक्षिण हरसिद्धि में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य शोभा ताई पेठणकर थी.

कार्यक्रम का आयोजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव के सम्मान तथा सेवा भारती के दिशा प्रकल्प से शासकीय सेवा में चयनित दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अभिनंदन के लिए किया गया. अखिलेश सेन का आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी तथा अंकित राठौर का मध्य प्रदेश पुलिस में सिपाही पद पर चयन हुआ है. अपने उद्बोधन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम ने यह केंद्र सेवा भारती को देकर कोई बड़ा कार्य नहीं किया, बल्कि सेवा भारती ने इंदौर महानगर के ऐसे अनेक अनुपयोगी भवनों को उपयोग में लाकर हम पर उपकार किया है. सेवा भारती से प्रेरणा लेकर ही हम

राष्ट्र के प्रति समर्पण संस्कार विकसित करना उद्देश्य

कार्यक्रम में अनिता रघुवंशी सेवा भारती इंदौर अध्यक्ष ने सेवा भारती के विभिन्न सेवा आयामों का परिचय देते हुए बताया कि सेवा भारती का उद्देश्य केवल अपेक्षित एवं वंचित वर्ग की सहायता करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक में संवेदनशीलता, सेवा भावना और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का संस्कार विकसित करना है . सेवा भारती इंदौर के सचिव अशोक कुमार राठी ने आभार माना .

राजनीति के क्षेत्र में समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं. इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष रवि भाटिया ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. साथ ही दिशा प्रकल्प से चयनित दोनों विद्यार्थियों अखिलेश सेन एवं अंकित राठौर का भी सम्मान किया गया.

4 .20 लाख की ड्रग्स के साथ तीसरा तस्कर आगर-मालवा से गिरफ्तार

इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सप्लाई चेन से जुड़े तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है. पहले गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस आगर मालवा तक पहुंची और वहां से ड्रग्स सप्लायर को दबोच लिया. आरोपी के कब्जे से 42.18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई. इस कार्रवाई के बाद मामले में बरामद एमडी ड्रग्स की कुल मात्रा 47.78 ग्राम हो गई है. पुलिस ने ड्रग्स के साथ एक किया सेल्टोस कार भी जब्त की है. बरामद सामग्री की कीमत करीब 15.70 लाख रुपए बताई गई है.

रविवार 5 जुलाई की रात कनाड़िया पुलिस ने खजराना निवासी साजिद कुरैशी उम्र 34 साल और इसराइल पटेल उम्र 21 साल को 5.60

ग्राम एमडी ड्रग्स तथा किया सेल्टोस कार एमपी 09 जेडजी 3434 के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि वे एमडी ड्रग्स आगर मालवा निवासी दानिश कुरैशी उम्र 27 साल से खरीदते हैं. इसके बाद पुलिस ने आगर मालवा के छोटा ततिया क्षेत्र में दबिश देकर दानिश को गिरफ्तार किया. तलाशी में उसके कब्जे से 42.18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 4.20 लाख रुपए आंकी गई है. तीनों आरोपियों से अब ड्रग्स के मुख्य सप्लायर और पूरे नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि दानिश कुरैशी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं.

आरोपी से की जा रही पूछताछ

मुख्य सप्लायर से ड्रग्स के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जोन-2 अमन सिंह राठौड़ के अनुसार, एमडी ड्रग्स मामले में पहले गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगर मालवा से मुख्य सप्लायर दानिश कुरैशी को गिरफ्तार किया है . मामले में ड्रग्स के स्रोत और पूरे सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है .

एक नजर में ▶ शुरुआत तो हम वृक्ष लगाकर बेहतर करते हैं, लेकिन उसकी देखभाल नहीं करके हम पर्यावरण के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते

पौधे लगाना अहम नहीं, उसकी सेवा भी होना चाहिए

इंदौर. वृक्ष लगाना ही अहम नहीं होता हैं, उसकी सेवा भी होना चाहिए। शुरुआत तो हम वृक्ष लगाकर बेहतर करते हैं, लेकिन उसकी देखभाल नहीं करके हम पर्यावरण के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं. यह बात देवी अहिल्याबाई विश्विद्यालय के कुलगुरु डॉ राकेश सिंघई ने आज विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के मार्गदर्शन में देवी अहिल्या उत्सव समिति, महानगर विकास परिषद तथा मराठी सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधारोपण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही . आपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष केवल चार या पांच वर्ष तक अपनी सेवा मांगता है. उसके बाद वह अपने आप ही पुष्पित और पल्लवित हो जाता है. संयोजक सुधीर दांडेकर, संजय जोशी एवं तृप्ति महाजन ने बताया कि लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल भौरास्कर ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की तीन वर्ष की ट्रेनिंग के प्रारंभ में ही पौधारोपण करने का कार्य किया जाता है और यह संकल्प भी दिलाया जाता है कि कैडेट्स 3 वर्ष

की इस ट्रेनिंग के दौरान वे इस पौधे की देख रेख कर उसे पल्लवित व पुष्पित करेंगे. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य वन संरक्षक रहे पीसी दुबे ने बताया कि हमें वृक्षों के साथ रिश्ता अपने नजदीकी रिश्तेदारों के समान रखना चाहिए. उसके हाल-चाल पूछना चाहिए, इससे भी वृक्ष के अंदर ऊर्जा का संचार होता है. पद्मश्री भालू मोंढे भी मंच पर विराजित थे.

सदस्यों और एनसीसी कैडेट्स ने रोप पौधे

स्वागत भाषण देवी अहिल्या उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा ने दिया . अहिल्योत्सव के दो माह तक चलने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सचिव शरयू वाघमारे ने दी . राम मूंदड़ा ने बताया कि अतिथियों का स्वागत अशोक डागा, शरयू वाघमारे, सुधीर दांडेकर, तृप्ति महाजन, राजेश शाह, संजय जोशी, उदय धनाश्री, देवेंद्र ईनानी आदि ने किया . कार्यक्रम का संचालन प्रकाश पारवानी ने किया . आभार निलेश केदारे ने माना . कार्यक्रम पश्चात् अतिथियों ने संस्था सदस्यों एवं एनसीसी कैडेट्स के साथ देवी अहिल्याबाई विश्विद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित उद्यान में वृहद पौधारोपण किया .

समाज सेवा करने से होगी ईश्वर की प्राप्ति

इंदौर . आर्य समाज महर्षि दयानन्द, गंज गंजी कंपाउंड में नगर की समस्त आर्य समाजों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को वैदिक सत्संग, यज्ञ एवं आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया . कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान प्रकाश आर्य ने की . मुख्य अतिथि के रूप में दर्शन योग महाविद्यालय आर्यवन रोजड़ गुजरात से आए आचार्य चंद्रेश ने ईश्वर के सच्चे स्वरूप एवं ईश्वर भक्ति विषय पर सारगर्भित एवं प्रेरणादायक प्रवचन देते हुए कहा कि सिर्फ दिखावे के लिए ईश्वर की भक्ति न करें उसके सच्चे स्वरूप को आत्मसात करें . मंत्र पाठ करने से या मात्र यज्ञ करने से ईश्वर की कृपा नहीं होगी ईश्वर की कृपा तो जब होगी जब आप तन मन धन से समाज की सेवा करेंगे . अध्यक्ष उद्बोधन में प्रकाश आर्य ने कहा मानव जीवन में सत्य बोलना ही ईश्वर की भक्ति है . अतिथि आचार्य चंद्रेश जी का स्वागत हरिश शर्मा ने किया . जबकि उनका परिचय विजय गोयल ने कराया . संचालन रूपनारायण मालवीया ने किया . अंत में संभागीय उपमंत्री प्रताप सिंह आर्य ने आभार माना .